तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2
बीच रास्ते में खत्म हुआ स्कूल बस का डीजल, बच्चों को उठानी पड़ी परेशानी



## खबर संक्षेप

### जलाराम मंदिर का पाटोत्सव आज

**कोरबा।** संत श्री जलाराम मंदिर का पाटोत्सव (स्थापना दिवस) 25 नवंबर को मनाया जाएगा। मंगलवार को प्रातः 10.30 बजे मंदिर में विराजमान श्री विग्रहों का अभिषेक पूजन व आरती किया जाएगा। शाम को 3.30 बजे श्री नारायण सा मिल मुड़ापार रमेश भाई पटेल के निवास से जलाराम मंदिर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात शाम 5.30 बजे दैनिक पूजा आरती की जाएगी। रात्रि 8 बजे भंडारा प्रसाद (भोजन) का विवरण किया जाएगा।

### शासी परिसद की बैठक 6 दिसंबर को

**कोरबा।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की शासी परिषद की बैठक 6 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

### महिला आयोग द्वारा प्राप्त शिकायतों की सुनवाई 27 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं न्यायपीठ द्वारा कोरबा जिले से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई 27 नवंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष कोरबा में नियत की गई है।

### डीपीएस बालको एनसीसी कैडेटों ने मनाया स्थापना दिवस

**कोरबा।** डीपीएस बालको एनसीसी कैडेटों ने 78वां स्थापना दिवस मनाया। कैडेटों ने शानदार परेड और सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ-साथ साइकिल रैली भी निकाली। प्रधानाचार्य कैलाश पवार ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डाला और पूरे कैडेट कोर के योगदान और प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने फील्ड प्रदर्शन का भी अवलोकन किया और एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत परेड की सराहना की। एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी कार्यक्रमों फायर ड्रिल, रायपुर, रायगढ़ और भोपाल में आयोजित एनसीसी शिविरों में भाग लिया। प्रधानाचार्य श्री पवार ने कैडेटों को उनकी भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ।

### वन विभाग एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन

**कोरबा।** शासकीय इं. वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विकासखंड कोरबा के वनांचल ग्राम मदनपुर में आयोजित सात-दिवसीय विशेष शिविर में मानव–हाथी द्वंद्व को कम करने की पहल पर एक महत्त्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता, अम्बिकापुर से आए वन विभाग के हाथी विशेषज्ञ प्रभात दुबे ने मानव–हाथी द्वंद्व के कारणों, उनके समाधान, तथा हाथियों से सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हाथी मनुष्य के शत्रु नहीं हैं, बल्कि हम मनुष्य ही उनके प्राकृतिक आवास में अतिक्रमण कर रहे हैं, जिसके चलते दोनों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। पहले जंगल विशाल थे, जिससे मनुष्य और वन्यजीवों में सहजीविता बनी रहती थी, लेकिन वर्तमान समय में वन क्षेत्र घटने से विश्वसनीयता टूटी है और द्वंद्व बढ़ा है ।श्री दुबे ने हाथियों के प्राचीन इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि अकबर के शासनकाल से लेकर खिलजी काल तक छत्तीसगढ़ हाथी आपूर्ति का प्रमुख केंद्र रहा है। 1930 से 1990 के बीच छत्तीसगढ़ में हाथियों की संख्या में भारी कमी आई, जबकि हाल के वर्षों में झारखंड से आए झुंडों ने इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हाथी जंगल के इंजीनियर होते हैं वे जंगल में रास्ते बनाते हैं, वन क्षेत्र का संतुलन बनाए रखते हैं और जैव विविधता को संरक्षित करते हैं।

# एसईसीएल की वर्ष 2030 तक नेट जीरो बनने की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने वर्ष 2030 तक नेट जीरो बनने की योजना बनाई है। साथ ही पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचाते हुए देश की ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने पर भी फोकस किया है। अत्याधुनिक प्राद्योगिकियों के उपयोग के साथ भूमिगत खनन देश में कोयला खनन का भविष्य बनने जा रहा है। इस पद्धति से पर्यावरण को कम नुकसान होता है।

अलग खबर

एसईसीएल आधुनिक और सुरक्षित प्राद्योगिकियों का उपयोग करके भूमिगत खनन पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भूमिगत खनन को पर्यावरण अनुकूल खनन पद्धति माना जाता है। बड़े पैमाने पर उत्पादन तकनीक और निरतंर खनन के उपयोग से सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण अनुकूल तरीके से उत्पादन में वृद्धि होती है। देश में खनन की शुरुआत भूमिगत खनन से हुई थी। उपलब्ध भंडार और बढ़ती मांग के कारण उत्पादन बढ़ाने के लिए ओपनकास्ट का विकल्प चुना गया। नेट जीरो बनने के लिए एसईसीएल व्यापक रुप से काम कर रही है और फिर से भूमिगत खदान की ओर बढ़ने पर जोर दिया जा रहा है। एसईसीएल ने 56 परियोजनाओं की पहचान की है जिनमें भूमिगत खनन में बड़े पैमाने पर उत्पादन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। वर्ष 2030 तक दोगुने से अधिक उत्पादन बढ़ाया जाएगा। कोल इंडिया के विजन अनुसार कंपनी वर्ष 2030 तक भूमिगत खनन के माध्यम से 25 प्रतिशत कोयला उत्पादन सुनिश्चित करेगी। तकनीकी उन्नति के उपयोग से कंपनी खनन गतिविधियों के दौरान दुर्घटनाओं में सफल रही चाहे वह भूमिगत हो या खुली खदान। एसईसीएल सौर ऊर्जा के माध्यम से 700 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन की योजना बना रहा है और नेट जीरो का लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्राप्त करने पर काम कर रहा है। कंपनी हरित ऊर्जा अपनाने की दिशा में कई कदम उठा रही है। नेट जीरो बनने के लिए कंपनी को 700 मेगावाट की आवश्यकता है। कोयला के प्रत्यक्ष उत्पादन के साथ साथ कंपनी कोयले की गैसीयकरण की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। यहां विभिन्न परियोजनाएं आ रही है जो कंपनी कोयला गैसीयकरण की दिशा में काम करेगी। कंपनी सौ मिलियन क्यूबिक मीटर गैस का उत्पादन करेगी। हरित अमोनिया उत्पादन संयंत्र के लिए एक परियोजना भी बनाई गई है जो वैचारिक स्तर पर इस संयंत्र के लिए ऊर्जा की आवश्यकता सौर ऊर्जा से पूरा की जाएगी। कंपनी खनन प्रक्रिया में ⏭ शेष पेज 3 पर

### भूमिगत खनन बन रहा है देश का भविष्य

**खास बातें**

- हरित कोयला निष्करण के लिए कंपनी ने अत्याधुनिक भूमिगत खनन को अपनाया



### धान खरीदी प्रक्रिया में लगातार जारी किए जा रहे हैं नए नए नियम

# धान बेचने आने वाले किसानों का वाहन के साथ खींचना पड़ेगा फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए राज्य सरकार नित्त नए नए नियम लागू करती जा रही है। अब एक नया नियम जारी किया गया है। इसके अनुसार अब किसान जितने बार जिस वाहन से धान बेचने के लिए फड़ में पहुंचेगा उस किसान की उतने ही बार वाहन के साथ फोटो खींचकर उसे ऐप में अपलोड करना होगा। इससे समिति प्रबंधकों और फड़ प्रभारी पर दोहरी जिम्मेदारी की मार पड़ गई है।

धान खरीदी के लिए नए नियम जारी होने से खरीदी की प्रक्रिया धीरे धीरे जटिल होती जा रही है। खरीदी शुरु होने से पूर्व पंजीयन के लिए जो प्रक्रिया अपनाई गई एग्रोटेक पोर्टल की वह इतनी जटिल थी कि किसान आज तक उस प्रक्रिया से जूझ रहे हैं। अभी भी सैकड़ों किसान ऐसे हैं जिनके पूरे खसरे की जमीन का पंजीयन एग्रोटेक पोर्टल में नहीं हुआ है और अब उन किसानों को समिति के पंजीयन रिकार्ड में रिकार्ड सुधारना पड़ रहा है। एग्रोटेक पोर्टल की वजह से किसानों की पंजीयन संख्या भी बीते वर्ष की तुलना में घट गई है। इससे पहले राज्य शासन ने गिरदावरी से पहले ही रकबा घटा दिया है। इस तरह पहले रकबा घटा और अब किसानों की संख्या घट गई और अब तीसरा नियम जो जारी किया गया है वह किसानों के फोटो खींचने का है। इस नियम के मुताबिक कोई भी किसान जितनी बार अपने फड़ में धान की बिक्री करने आएगा उसकी फोटो उतनी ही बार वाहन के साथ फोटो खींचकर धान खरीदी ऐप में अपलोड करना पड़ेगा। यह कार्य फड़ प्रभारी व समिति प्रबंधकों को अपनी देखरेख में डाटा एंट्री ऑपरेटर से अपलोड कराना होगा जरा सा भी चूक से किसान द्वारा बेचे गए धान की जानकारी गायब हो सकती है।


धान बेचने पहुंचे किसान। (फाइल फोटो )

#### फोटो खींचने का निर्देश आया है

धान खरीदी में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए फोटो खींचने का निर्देश आया है। किसान और उसके वाहन की फोटो एक साथ खींचकर ऐप में अपलोड किया जाएगा ताकि किसी तरह की गड़बड़ी ना हो।

**- जी एस कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

#### फर्जीवाड़ा रोकने के लिए कवायद

धान खरीदी में अब तक किसान परिवार का कोई भी सदस्य धान आकर बेच देता था या फिर किसान की पर्ची में कोई दूसरा आकर धान बेचकर चला जाता था। इस नए निर्देश के तहत किसान का रिकार्ड ऑनलाइन रहेगा क्योंकि इस बार फसल की गिरदावरी भी डिजीटल तरीके से हुई थी और किसानों को गिरदावरी के दौरान खेत में खड़ा कर ऑनलाइन फोटो खींची गई थी। दोनों प्रक्रिया ऑनलाइन होने के कारण फर्जीवाड़ा पर रोक लगना तय माना जा रहा है।

#### नेटवर्किंग की समस्या

दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में संचालित खरीदी केंद्रों में किसानों की फोटो खींचकर उसे अपलोड करने के रास्ते में सबसे बड़ी समस्या नेटवर्किंग की है। श्यांग, सिरमिना, मोरगा ऐसे खरीदी केंद्र हैं जहां नेटवर्किंग की समस्या हमेशा बनी रहती है। ऐसे केंद्रों में किसानों की फोटो खींचकर उसे अपलोड करना तकनीकी रुप से कठिन काम होगा।

## बढ़ते सड़क हादसों को लेकर पुलिस ने कटघोरा सीएमओ को जारी किया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी को आधिकारिक नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि शहर के विभिन्न स्थानों पर बने सड़क डिवाइडरों के सामने तत्काल प्रभाव से सांकेतिक चेतक बोर्ड लगाए जाएँ, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिक्रमण तेजी से बढ़ा है, जिससे सड़क की चौड़ाई लगातार कम होती जा रही है। ऐसे में सड़क के बीच बने डिवाइडर लोगों के लिए संभावित खतरे का कारण बनते जा रहे हैं। डिवाइडर के सामने उचित संकेतक बोर्ड न होने के कारण कई बार वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा जाते हैं। रात के समय दृश्यता कम होने पर ये दुर्घटनाएँ और बढ़ जाती हैं। पुलिस ने बताया कि इस लापरवाही के चलते वाहन चालक बार-बार हादसों का शिकार हो रहे हैं। पुलिस का कहना है कि कई बार ध्यान आकर्षित किए जाने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठा पाया है। इसी लापरवाही को देखते हुए पुलिस ने सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी है कि वे तत्काल कार्रवाई करें और शहर के सभी डिवाइडरों के सामने उचित तरह से रिफ्लेक्टर युक्त संकेतक बोर्ड लगवाएँ। श्री तिवारी ने कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन अब भी गंभीर नहीं होता और किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित होती है, तो उसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर सीएमओ की मानी जाएगी। पुलिस का यह कदम शहर की यातायात सुरक्षा बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## पिता की हत्या के मामले में फरार वारंटी को हैदराबाद से आते ही पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन माह पूर्व एक युवक ने मामूली बात को लेकर अपने वृद्ध पिता की हत्या कर दी थी और हत्या कर फरार हो गया था। जिसके खिलाफ वारंट जारी हो गया था, पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे वारंटी की सरगर्मी से खोजनबीन में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस ने दीपका खदान क्षेत्र में दबिश देकर हत्या के मामले में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार पर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दीपिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरकी झाबर निवासी शंकर लाल खांडे उम्र 35 वर्ष ने अगस्त महीने में अपने 60 वर्षीय वृद्ध पिता परसराम खांडे की मामूली बात पर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और हत्या के बाद वह हैदराबाद फरार हो गया था। पिछले कई महीनों से पुलिस उसकी खोजबीन में लगी हुई थी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इस बीच शंकरलाल के खिलाफ न्यायालय से वारंट भी जारी हो गया था। बीती रात को दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबिर से सूचना ⏭ शेष पेज 3 पर



## एक ही मार्ग में दो अलग अलग हादसे, केबिन में फंस गया था चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटों में एक ही मार्ग में दो अलग अलग हादसे हुए हैं। जो दो ट्रेलर के बीच भिड़ंत हुआ है। इस हादसे में कुल 3 लोग घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए जिला मेडिकल अस्पताल दाखिल कराया गया है। हादसे के दौरान दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि ट्रेलर का चालक केबिन में फंस गया था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य करते हुए घंटों मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला गया और उसे गंभीरावस्था में मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। दोनों ही घटना सर्वमंगला कनकी नहर मार्ग में घटित हुई है। पहली घटना रविवार की देर रात घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम सोनपुरी के समीप कोयला लोड ट्रेलर ब्रेक डाउन हालत में खड़ी हुई थी। जहां पीछे से कोयला लेकर जा रही ट्रेलर ने पीछे से खड़ी ट्रेलर को जबरजस्त ठोकर मार दिया जिससे ट्रेलर का केबिन सीधा दूसरे ट्रेलर के डाला में जा घुसा और चालक केबिन में फंस गया। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी को दी। हादसे की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी श्री तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और केबिन में फंसे चालक को निकालने की कवायद शुरु की गई। जहां गैस कटर से केबिन को काटकर केबिन में फंसे चालक को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया। इस घटना को भूल भी नहीं पाये थे कि पुनः कुछ घंटों बाद ही सर्वमंगला कनकी नहर मार्ग के ग्राम कनबेरी के समीप डीजल टैंकर व ट्रेलर मंच आमने सामने में भिड़ंत हो गई जिससे दोनों वाहन के चालक गंभीर रुप से घायल हो गये हैं। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह लगभग 8 बजे सर्वमंगला कनबेरी मार्ग के समीप एक डीजल टैंकर क्रमांक सीजी 11 बीएल 1909 और राखड़ लोड हाईवा क्रमांक सीजी 04 ओजी ⏭ शेष पेज 3 पर


दुर्घटनाग्रस्त टैंकर व ट्रेलर।

#### हजारों लीटर डीजल बह गया सड़क में

बताया जाता है कि टैंकर के पलटने से टैंकर में लोड डीजल भी सड़क में पूरी तरह से बह गया जिसमें हजारों लीटर डीजल भरा हुआ था। हादसे की वजह से गाड़ी मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। घटना का सुखद पहलु रहा कि डीजल टैंकर के पलटने से यदि टैंकर में आग लग जाती तो और भी भीषण हादसा हो सकता था। बताया जाता है कि सर्वमंगला कनकी नहर मार्ग लाईट की समुचित व्यवस्था नहीं है और ज्यादातर ट्रक और ट्रेलर चालक इस मार्ग में बेतरतीब ढंग से वाहन को चलाते हैं साथ ही सड़क के किनारे वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिसकी वजह से इस तरह के भीषण हादसे होते हैं। हालांकि पुलिस भी बीच बीच में सड़क पर ट्रेलर वाहनों को खड़ा करने वालों पर कार्यवाही करती है लेकिन ट्रेलर चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं।

### ग्रामवासियों ने प्रशासन को पत्र लिखकर समस्या से कराया अवगत

# पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में जन मन सड़क का काम पड़ा है आधा अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए जून माह में काम शुरु किया गया था। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को इसके लिए एजेंसी बनाया गया था। काम को लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा ऐसे क्षेत्रों का सर्वे भी किया गया। कुल 23 स्थान चयनित हुए जहां सड़कों का निर्माण होना था जो अब तक पूरा नहीं हो सका है।

पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं कार्य अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल भवन और पहुंच मार्ग का निर्माण प्रमुखता से किया जाना था इसके लिए आदिम जाति कल्याण विभाग को सर्वे की जिम्मेदारी दी गई थी जिसके द्वारा सर्वे कराया गया और प्रशासन को सर्वे रिपोर्ट सौंपी गई। उक्त सर्वे रिपोर्ट के आधार पर विकास कार्यों को शुरु किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से पहुंच मार्ग का निर्माण प्राथमिकता से शुरु किया गया लेकिन 23 सड़कों में केवल एक सड़क का काम पाली ब्लॉक में पूरा किया जा सका है शेष सड़कों का काम अभी भी पूरा नहीं हुआ है जिसे लेकर क्षेत्र के निवासियों ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराया गया है। जिला प्रशासन को सौंपे पत्र में बताया गया है कि कुल 21 सड़क स्वीकृत की गई थी किंतु विभागीय अधिकारियों के सतत निरीक्षण नहीं होने के कारण सड़क का निर्माण अटका हुआ है। कार्यस्थल पर संसाधनों की भी कमी है। विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण नहीं होने से कार्य में प्रगति नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने भी प्रशासन को पत्र सौंपा है।



#### इन स्थानों में बननी थी सड़क

प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत जिन स्थानों में सड़क का निर्माण किया जाना था उसमें कोरबा, करतला एवं पाली ब्लाक के पिछड़ी जनजाति क्षेत्र शामिल थे। इनमें कोरबा ब्लाक अंतर्गत 15 स्थानों में सड़क बनाई जानी थी वहीं करतला ब्लाक में एक स्थान में सड़क बनाना था इसके अलावा पाली ब्लाक अंतर्गत 2 सड़कें स्वीकृत हुई थी एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत 4 सड़कों का निर्माण किया जाना था कुल 104 किलोमीटर की सड़क पीएम जन मन योजना अंतर्गत तैयार किया था।

## संविधान दिवस कल होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 26 नवम्बर को भारत का संविधान अपनाए जाने के स्मरणोत्सव स्वरूप जिले में व्यापक स्तर पर संविधान दिवस मनाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान विषय पर पूरे वर्ष विशेष उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को संविधान दिवस मनाने के सम्बंध में विशेष निर्देश जारी किए है। जिसके अंतर्गत जिला स्तर पर जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में 22 भाषाओं में सामूहिक प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। साथ ही प्रदर्शनी वेबसाइट, फिल्म की स्क्रीनिंग एवं ऑनलाईन संविधान दिवस क्विज में हिस्सा लेना जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने जिला हेडक्वार्टर, तहसील, पंचायत और गांवो में बड़े पैमाने पर प्रस्तावना पाठ कर सभी वीडियों, कंपन वेबसाईट पर अपलोड करने के निर्देश दिए है। प्रस्तावना पढ़ने और अपलोड करने की सुविधा कई भाषा में आनलाईन उपलब्ध है। राज्य के नागरिकों को अकेले या साथ मिलकर प्रस्तावना पढ़ने और कैंपेन वेबसाइट पर विडियों अपलोड किया जाएगा।

## खबर संक्षेप




### अरदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा, शासकीय महाविद्यालय दीपका एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय बांकीमोंगरा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसका थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा है। शिविर के पंचम दिवस पर शिविरार्थियों द्वारा टूटे हुए बाउंड्रीवॉल एवं मंच का मरम्मत एवं पुनरुद्धार किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र सिंह, प्रकाश साहू, साइबर एक्सपर्ट विटकेश्वर प्रताप सिंह एवं अशोक श्रीवास उपस्थित रहे। प्राचार्य द्वारा शिविरार्थियों को एकजुट होकर कार्य करने के लिए एवं अनुशासित रहकर टीमवर्क के साथ कार्य करने को एकजुटता का संदेश दिया। प्रकाश साहू द्वारा नशामुक्त समाज के लिए युवा विषय पर युवाओं को नशा से दूर रहने के साथ ही युवा वर्ग एवं समाज के लिए नशा दिन प्रतिदिन घातक होकर अपनी ओर युवा पीढ़ी को आकर्षित करने के साथ ही समाज में इसके दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। साइबर एक्सपर्ट विटकेश्वर प्रताप सिंह के द्वारा साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं जैसे डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया एकाउंट्स एवं प्राइवेसी फिशिंग हैंगिंग एवं एपीके फाइल इत्यादि को विस्तार से बताया। अशोक श्रीवास द्वारा विज्ञान अनुसंधान (रिसर्च) को वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकता के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वयंसेविका करिश्मा एवं अंजली के द्वारा किया गया। जिसमें शिविरार्थियों एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन एवं आभार प्रकट कर्मक्रम अधिकारी (बांकीमोंगरा) रघुराज सिंह तंवर के द्वारा किया गया।

### ऑल इंडिया ओपन कराटे चैम्पियनशिप में जिले ने जीता 5 स्वर्ण, 6 रजत और 21 कांस्य पदक



**कोरबा।** 19–20 नवम्बर को अग्रसेन धाम रायपुर में आयोजित ऑल इंडिया ओपन कराटे चैम्पियनशिप में कोरबा जिले की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 32 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन और धैर्य का परिचय देते हुए राष्ट्रीय मंच पर कोरबा और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। यह प्रतियोगिता कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के नियमों एवं मानकों के अनुसार, एशियन क्वालिफाइड रेफरियों के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा तथा प्रतियोगिता के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिहान भारत शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय आयोजन का संचालन सेइको-काई कराटे-डो एसोसिएशन एवं भारत कराटे एकेडमी द्वारा किया गया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में अर्णव यादव, मिया फ्रांसिस अलापट्ट, जैस्मिन कुर्रे, वंश सिंह राठौर, भविष्य राज शामिल हैं। इसी तरह रजत पदक विजेता खिलाड़ियों में युवराज गोगोई, अर्चना सारथी, एंजेल यादव, अमन टोप्पो, कुनाल पुरी गोस्वामी,अनुराधा पटेल तथा कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों में मुद्रा श्रीवास्तव, आर्या सेठी, अंशिका अग्रवाल, स्वाति ओगरे, पूर्विका आदिले, वान्या राठौर, पारस बंजारे, रूचि रहांगडाले, शामिर जोएल कुमार, लोमश प्रसाद सिन्हा, आदित्य सारथी, खुशाल सिंह राठौर, एम. डी. फरहान रज़ा, अर्घ्य सिंह, फ्रांसिस कुजूर, गुंजन देवांगन, रोहन श्रीवास, यश प्रजापति, नेवान आर. पिल्लै,समीर कंवर शामिल हैं।

### आयुर्वेद के नियमों का पालन कर रह सकतें है स्वस्थः डॉ.नागेंद्र

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ यादव समाज 33 जिले, लायंस क्लब एवरेस्ट (क्लब नंबर 096456), पतंजलि आरोग्य केंद्र, शांतिकुंज गायत्री परिवार माई लाइफ माई स्टाइल ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि आरोग्य केंद्र, नरेश मेडिकल डिस्ट्रिब्यूटर एचडीएफसी बैंक के पास मेन रोड जैजैपुर में निःशुल्क अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, निःशुल्क मधुमेह रक्त शर्करा जांच, तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित छत्तीसगढ़ प्रांत की ख्यातिलब्ध चिकित्सिका वैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान की। शिविर में विशेष रूप से उपस्थित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ताजेश्वर यादव, हसौद तहसील के तहसीलदार डॉ.रवि राठौर चिकित्सक द्वय नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा, नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा,पतंजलि आरोग्य केंद्र जैजैपुर के संचालक सुरेंद्र यादव तथा शिविरार्थियों ने आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवन्तरी एवं भारत माता के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया।

ग्राम भिलाईबाजार के ग्रामीणों ने ग्राम सभा में बनाई सहमति

# भूविस्थापितों ने रखी सर्वमंगला नगर को नई बसाहट के रूप में विकसित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम भिलाईबाजार के ग्रामीणों ने ग्राम सभा में सर्वमंगला नगर को नई बसाहट के रूप में विकसित करने की मांग की है। जिसके बाद 23 नवंबर को भिलाई बाजार के समस्त ग्रामीणों ने बैठक आयोजित किया जिसमें ग्रामीणों का कहना है कि सर्वमंगला नगर शहर से लगा हुआ क्षेत्र है, जहां शहर से आने-जाने के लिए सुगम सड़क मार्ग, नजदीक अस्पताल और अन्य आवश्यक सुविधाएं हैं। इससे ग्रामीणों को बेहतर जीवनयापन और मूलभूत सेवाओं तक आसानी से पहुँच मिल सकेगी।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि एसईसीएल प्रबंधन इस पर ध्यान नहीं देता है, तो वे कोयला मंत्री से मिलकर अपनी बात रखेंगे। उन्होंने तर्क दिया कि भिलाई बाजार कोरबा ब्लॉक का सबसे बड़ा गाँव है, जो शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से अग्रणी रहा है। यहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-तहसील, डाकघर, पटवारी कार्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सब स्टेशन जैसी अनेक सुविधाएं मौजूद हैं। ग्रामीणों ने कहा कि नई बसाहट में भी उन्हें इसी तरह की सुविधाएं और सामाजिक माहौल मिलना चाहिए। ग्रामीणों का मानना है कि सर्वमंगला नगर को बसाहट के रूप में विकसित करना विकास और सुविधा की दिशा में एक बड़ा कदम होगा, जिससे स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आएगा। ग्राम बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से प्रशासन से इस प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय की मांग की। बैठक में समाजसेवक प्रदीप जायसवाल, दुर्गा महंत, राकेश राजपूत, राजकुमार पटवा, बबिता मरकाम, गणेशा मरकाम, ममता मरकाम, पबरित बाई, इंदु पाटले, गोरे पाटले, सम्मेलाल पाटले, अनिल पाटले, भुनेश्वर वेणु, दिनेश कश्यप, गजेंद्र कौशिक, मदन साहू, राजनारायण जायसवाल, विजेंद्र राजपूत, विकास राजपूत, प्रकाश भारद्वाज, रथ लाल पाटले, मणिशंकर पाटले, गैत पाटले मोहन पाटले, शरद जायसवाल, चैन सिंह, मनहरण पाटले, ऋषि निषाद, अजय विन्ध्यराज एवं अभिषेक राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित एसईसीएल के अधिकारी व ग्रामीण।

# कटघोरा क्षेत्र में संयुक्त दल की कार्रवाई, 90 क्विंटल अवैध धान जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तन्मय खन्ना (आईएएस) के मार्गदर्शन में 24 नवम्बर को कटघोरा क्षेत्र में अवैध धान भंडारण पर सख्त कार्रवाई की गई। तहसीलदार कटघोरा सूर्यप्रकाश केशकर, खाद्य निरीक्षक सुरेन्द्र लांझी तथा कृषि उपज मंडी समिति कटघोरा के सहायक ग्रेड-2 राजेश झारिया से गठित संयुक्त जांच दल ने विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कटघोरा, छिर्रा एवं पुरानी बस्ती क्षेत्र में कई व्यापारियों के दुकान सह गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान पाया गया। जांच दल द्वारा नियमों के तहत धान को जप्त कर मंडी अधिनियम के प्रावधानों अनुसार आगे की कार्रवाई की गई तथा जप्त धान को विधिवत सुपुर्दगी में दिया गया। जांच के दौरान कटघोरा क्षेत्र के व्यापारी दिलीप कुमार अग्रवाल के पास 16.80 क्विंटल, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल के पास 11.20 क्विंटल, छिर्रा के भागवत प्रसाद जायसवाल के पास 16 क्विंटल तथा कटघोरा की पुरानी बस्ती के यतीश जायसवाल के पास 46 क्विंटल धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया। कुल 90 क्विंटल धान जप्त किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समर्थन मूल्य व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए अवैध भंडारण तथा अनियमितताओं के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। प्रशासन ने व्यापारियों एवं नागरिकों से नियमों का पालन करने एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने की अपील की है।


कार्यवाही करती हुई राजस्व विभाग की टीम।

### किसान अमृतलाल मेहनत, उम्मीद और अच्छी फसल की मिसाल

**कोरबा।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सिरमिना के मेहनतकश किसान अमृत लाल ताम्रकार 10 एकड़ भूमि में धान की खेती करते हैं। पिछले वर्ष उन्होंने 200 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र सिरमिना में बेचा था, और इस वर्ष भी लगभग उतनी ही उपज की उम्मीद कर रहे हैं। अमृत लाल बताते हैं कि इस बार क्षेत्र में अच्छी बारिश होने के कारण, सिंचाई सुविधाओं के अभाव के बावजूद फसल बहुत बेहतर आई है। उन्होंने कहा कि धान को समर्थन मूल्य पर बेचने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मिलने वाली आदान सहायता और कृषक उन्नति योजना से प्राप्त राशि उनके लिए बहुत उपयोगी साबित होती है। विगत वर्ष उन्हें अंतर राशि का भी लाभ मिला। धान विक्रय से प्राप्त आय का उपयोग कर उन्होंने अपने घर की मरम्मत करवाई, जिससे परिवार की जीवन-स्तर में सुधार हुआ। अमृत लाल उपार्जन केंद्र सिरमिना की सुविधाओं की भी सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए वहां पेयजल, शौचालय, छाया आदि की उचित व्यवस्था रहती है, जिससे धान विक्रय की प्रक्रिया सहज और सुगम बनती है।

# कोथारी में करतला जनपद अध्यक्ष ने किया धान खरीदी का शुभारंभ


खरीदी का शुभारंभ करते जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोथारी में शुक्रवार को धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमति अशोक बाई कंवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। करतला विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोथारी में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ मुख्य अतिथि करतला जनपद अध्यक्ष अशोक बाई कंवर, कोथारी सरपंच विश्राम कंवर, जनपद सदस्य श्रीमति कृष्णो महाजन कंवर एंव अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर किसान जय नन्दन, सहस कौशिक, आनंद बाई साहू और रामनारायण की धान को तौल कर शुभारंभ किया गया और आसपास के किसान भारी संख्या में उपस्थित थे। धान खरीदी केंद्र प्रबंधक तुलसी कुमार साहू, प्रभारी चौहान के नेतृत्व में समिति द्वारा किसानों का तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से खरीदी प्रारंभ की गई। किसानों ने अपनी उपज लेकर केंद्र पहुँचकर खरीदी प्रक्रिया में हिस्सा लिया और समिति द्वारा बनाए गए बेहतर व्यवस्थाओं की प्रशंसा की चार किसानों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। और उनका धान खरीदा किया।

# बीच रास्ते में खत्म हुआ स्कूल बस का डीजल, बच्चों को उठानी पड़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार में कोल कर्मियों के बच्चों के लिए संचालित बस में अचानक डीजल कम पड़ जाने की वजह से बीच रास्ते में खड़ी हो गई। जिसके वजह से स्कूली बच्चों को खासी

**खास बात**

- एसईसीएल प्रबंधन द्वारा संचालित की जा रही है बस की सुविधा

परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्हें बीच रास्ते में निजी वाहनों का सहारा लेकर स्कूल व कॉलेज जाना पड़ा। हालांकि बस चालक के द्वारा बाद में डीजल की व्यवस्था कर बस को रवाना किया गया। तब तक कुछ बच्चे अन्य साधनों से अपने गतंव्य पर रवाना हो गये थे।

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के रजगामार कॉलोनी में निवासरत कोल कर्मियों के बच्चों के स्कूल व कॉलेज के आवागमन को लेकर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बस की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। रोजना सुबह व शाम बच्चे बस से स्कूल व कॉलेज आवागमन करते हैं। प्रतिदिन के अनुसार सोमवार को भी स्कूल के बच्चे व कॉलेज के छात्र बस में सवार होकर कोरबा स्थित स्कूल व कॉलेजों के लिए रवाना हुए। इसी दौरान बीच रास्ते में वाहन बंद हो गई। अचानक बस के बंद होने से बच्चों की परेशानी बढ़ गई। जानकारी देने पर पता चला कि बस में डीजल खत्म होने से यह स्थिति निर्मित हुई है। अब सवाल यह उठता है कि जब एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बस में चालक, कडेंक्टर व डीजल की व्यवस्था की जाती है तो बीच रास्ते में डीजल कैसे खत्म हो गई। अगर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा डीजल उपलब्ध नहीं कराया गया था तो बस चालक को बच्चों को लेकर रजगामार से कोरबा की ओर रवाना नहीं होना था और अगर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पर्याप्त मात्रा में डीजल की आपूर्ति की गई थी तो आखिर बस से डीजल कैसे गायब हो गई। यह तो जांच का विषय है कि आखिर डीजल खत्म कैसे हुआ। हालांकि डीजल खत्म होने की वजह से बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। एसईसीएल प्रबंधन को चाहिए कि वह बस संचालन को लेकर निगरानी बरतें।



# झाबू राखड़ बांध से प्रभावित ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छुरीकला के समीप ग्राम नवागांव झाबू में विद्युत कंपनी द्वारा बनाए गए राखड़ बांध से उठ रही धूल और प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। निर्धारित क्षमता से अधिक भराव के बाद राखड़ को बांध से बाहर निकालकर गांव के आसपास ऊंचाई पर डंप किया जा रहा है, जिसके कारण राख हवा में उडक़र आसपास के गांवों तक फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है।

समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन और पर्यावरण विभाग से हस्तक्षेप की मांग की है। छुरीकला के पास स्थित ग्राम नवागांव झाबू में विद्युत कंपनी द्वारा राखड़ बांध बनाया गया है, जिसमें विद्युत संयंत्र से निकलने वाली राख डाली जाती है। बांध भर जाने के बाद राखड़ को बाहर निकालकर गांव से सटे मैदानों में लो लाइन क्षेत्रों से ऊपर पहाड़ की तरह डंप किया जा रहा है। राखड़ सूखी होने के कारण तेज हवा के साथ उडक़र ग्रामीण इलाकों में फैल रही है, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नियमों के अनुसार राखड़ पर लगातार पानी का छिडक़ाव अनिवार्य है, लेकिन प्रबंधन और ठेकेदारों द्वारा इसकी अनदेखी की जा रही है। उड़ती राखड़ के कारण गांव में धुएँ और धूल जैसा माहौल बन गया है। साथ ही कृषि भूमि, जलस्रोत और वन संपदा भी प्रदूषण की चपेट में आ रहे हैं।बरसात के मौसम में बांध फूटने की आशंका से ग्रामीणों में डर भी बना रहता है। प्रभावित लोगों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर, पर्यावरण संरक्षण मंडल और छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एमडी और कोरबा पश्चिम संयंत्र के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन की जाएगी।

# आयुक्त व एसडीएम ने एसआईआर की गतिविधियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्वाचन आयोग के द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है, इसके परिप्रेक्ष्य में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं

**खास बात**

- डिजिटलाइजेशन करने की अवधि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक

कलेक्टर अजीत वसंत के दिशा निर्देश पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व एसडीएम सरोज महिलांगे ने नगर निगम क्षेत्र स्थित सीतामणी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के मतदान केन्द्रों 219, 156 में पहुंचकर एसआईआर गतिविधियों में लगे बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों व उपस्थित मतदाताओं से संपर्क कर कार्यों के संबंध में आवश्यक जानकारी ली।


निरीक्षण करते हुए नगर निगम आयुक्त।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एसआईआर फार्म में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर बूथ केन्द्र में लगे बीएलओ व उनके सुपरवाईजर से संपर्क कर अपना एसआईआर फार्म में आवश्यकतानुसार जानकारी व आवश्यक डाटा संबंधित को उपलब्ध करावें ताकि एसआईआर फार्म भरने में त्रुटिरहित कार्यों का संपादन कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जिसमें गणना पत्रक (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने, डिजिटाइज करने की अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक किया जाना है। एसआईआर का फार्म समय पर जमा करना, डिजिटाइजेशन समय पर करना, जिन मतदाताओं का मतदाता सूची 2003 में स्वयं का या उनके माता-पिता का नाम होने पर किसी प्रकार की दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है।

**देना होगा दस्तावेज**

यदि 2003 में निर्वाचन नामावली में स्वयं या माता-पिता के नाम नहीं होने पर 11 प्रकार के दस्तावेजों में से किसी एक का होना अनिवार्य किया गया है। जिनमें नियमित कर्मचारी पेंशनभोगी को केन्द्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश, 1 जुलाई 1987 से पूर्व भारत में किसी भी सरकारी, स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी, पीएसयू द्वारा जारी पहचान पत्र या प्रमाण पत्र के दस्तावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिकुलेशन या शैक्षणिक प्रमाणपत्र, स्थायी निवास प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र जाति प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर जहाँ लागू हो। परिवार रजिस्टर एवं सरकार द्वारा जारी भूमि, मकान आवंटन प्रमाणपत्र।

# रामलेखन को लेकर की गई आवश्यक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

धर्म व आस्था की नगरी छुरी के सरस्वति शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मार्गदर्शन में रामनाम लेखन जिला समिति की एक आवश्यक बैठक किशोर बुलोटिया के आतिथ्य व भक्तिमय माहौल में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल ने की इस अवसर पर समिति के जिला संयोजक व चेम्बर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन,जिला सहसंयोजक टेकचन्दअग्रवाल व छुरी के कुंवर राजवर्धन प्रताप सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल के द्वारा रामनाम लेखन अभियान को आगे बढ़ाने और इसे जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बताया कि रामनाम लेखन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आस्था और साधना का संगम है, राम हीं राष्ट्र है और राष्ट्र हीं राम है की बात बताइ गई राम नाम जो मन को शांति देता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में इस अभियान को लेकर अभूतपूर्व जनसमर्थन मिल रहा है, जिसे और व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। किशोर बुलोटिया ने बताया कि धर्म व आस्था को जोड़ने व हिंदुत्व को बढाने के लिए 3 अरब 33 करोड़ रामनाम का लेखन करना है जिसके लिए कोरबा जिले में 3 लाख प्रतियां छपवाई जा रही है जिसे 1 से 15 दिसम्बर तक पूरे जिले के सभो घरों में जाकर देना है व सभी से उस पत्रिका में रामनाम के लेखन को पूर्ण कर 25 दिसम्बर तक जमा करना है जिसे एक सांथ एकत्रित कर अयोध्या भेजा जाएगा। इस अवसर पर अनुराग सिंग, मनोज नायडू, अजय धनोंदिया, गोपाल गोस्वामी, हीरानंद पंजवानी, देवेन्द्र देवांगन, करुणा शंकर देवांगन, मुरलि साहू, बनवारी प्रजापति, गंगाराम साहू, श्याम सिंह, कामता देवांगन, सन्तोष साहू, कमल कुमार, बोधराम केवन्त सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।


बैठक में उपस्थित अभियान समिति के सदस्य।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत उतरदा में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उतरदा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सदनवार मासिक गतिविधि प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि सुंदर मरावी, सुरेंद्र राठौर एवं विशिष्ट अतिथि समोस सागर, उप सरपंच राकेश जयसवाल, पंच मुकेश बर्मन एवं विक्की मरावी के आतिथ्य में किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास, सृजनशीलता, सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सहयोग भावना व आत्मविश्वास बढ़ाना रहा। विद्यालय में हर माह की तरह इस बार भी विभिन्न सदनों द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी गईं। छात्र-छात्राओं ने लोकगीत, लोकनृत्य,रोल प्ले और शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का दिल जीता। बच्चों ने विद्यालय प्रांगण की सफाई, बागवानी एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियाँ कर सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर पी.पी.अंचल, वंदना लहरे, अनीता मानिकपुरी, शीलू ध्रुव, संदीप सूर्यवंशी, जी.पी. लहरे, राकेश टंडन, शिक्षक नीलिमा सोनी, पी खांडे, अनुज कुमार जांगड़े, ममता माण्डले उत्तम सिंह मरावी राजेंद्र कैवर्त्य, निर्मला शर्मा, नरेंद्र कुमार पाटले, सुशीला पैगोर, सुधीर कुमार चंद्रा सहित अन्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### धान खरीदी पर किसानों का बढ़ा भरोसा: अन्नू

**कोरबा।** तिलकेजा निवासी किसान अन्नू जायसवाल इस वर्ष होने वाली धान खरीदी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। 3 एकड़ कृषि भूमि पर अपने पिता रामू जायसवाल सहित सपरिवार खेती करने वाले अन्नू ने पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 60 क्विंटल धान की बिक्री कर अच्छी आमदनी प्राप्त की थी। समय पर मिले भुगतान ने उनकी खेती और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की। धान कटाई के कार्यों के बीच जब अन्नू अपनी फसल का मूल्यांकन कर रहे हैं, तो उनके चेहरे पर इस साल की खरीदी को लेकर उम्मीद साफ झलकती है। खेत में थ्रेसर और ट्रैक्टर की मदद से चल रहे कटाई कार्यों के बीच वे बताते हैं कि सरकार की पारदर्शी और सुचारु धान खरीदी व्यवस्था छोटे किसानों के लिए बड़ी राहत है। अन्नू का कहना है कि पिछले वर्ष समय पर भुगतान मिलने से उन्होंने खेती के लिए बेहतर बीज, खाद और अन्य आवश्यक सामग्री जुटाई।

### डीपीएस बालको एनसीसी कैडेटों ने मनाया स्थापना दिवस

**कोरबा।** डीपीएस बालको एनसीसी कैडेटों ने 78वां स्थापना दिवस मनाया। कैडेटों ने शानदार परेड और सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ-साथ साइकिल रैली भी निकाली। प्रधानाचार्य कैलाश पवार ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डाला और पूरे कैडेट कोर के योगदान और प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने फील्ड प्रदर्शन का भी अवलोकन किया और एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत परेड की सराहना की। एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी कार्यक्रमों फायर ड्रिल, रायपुर, रायगढ़ और भोपाल में आयोजित एनसीसी शिविरों में भाग लिया। प्रधानाचार्य श्री पवार ने कैडेटों को उनकी भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ।

## निधन

### राधेश्याम अग्रवाल



**कोरबा।** कोरबा के वरिष्ठतम अधिवक्ता एवं जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के संस्थापक सदस्यों में से एक राधेश्याम अग्रवाल का 24 नवंबर को दुखद निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### कामता प्रसाद



**कोरबा।** सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी आरपी नगर निवासी कामता प्रसाद सिंह (80 वर्ष) का निधन 24 नवंबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 25 नवंबर को प्रातः 11 बजे निवास स्थान: प्लॉट नंबर 790, आर.पी. नगर, दशहरा मैदान के सामने से मुक्तिधाम पोड़ीबहार जाएगी।

## पाड़ीमार जोन अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी में तैयार हो सब स्टेशन

# 6 हजार उपभोक्ताओं को दिसंबर में मिलेगी डबल सप्लाई की सौगात, सब स्टेशन बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


विद्युत वितरण विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए शहरी क्षेत्र के ज्यादातर इलाकों में डबल सप्लाई की दिशा पर आगे बढ़ रहा है। कई इलाकों में इसके लिए काम भी पूरा हो चुका है और

**खास बात**

- गर्मी के दिनों में ओवरलोड की समस्या से मिलेगी निजात

डबल सप्लाई का लोगों को लाभ भी मिल रहा है। इसी कड़ी में शहर के पॉश इलाके निहारिका, घंटाघर, कांशीनगर, सीएसईबी कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र को भी डबल सप्लाई से जोड़ने की तैयारी चल रही है। इसके लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा लगभग 1 करोड़ की लागत से सब स्टेशन तैयार किया जा रहा है जो लगभग तैयार हो चुका है। संभावना जतायी जा रही है कि दिसंबर महीने में चार्ज कर दिया जाएगा। जिसके बाद निहारिका क्षेत्र और उसके आसपास रहने वाले लोगों को डबल सप्लाई का लाभ मिलना शुरु हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण विभाग अपने उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। बताया जाता है कि निहारिका क्षेत्र के आसपास बसने वाले लोगों को गर्मी के दिनों पावर कट की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लगातार ओवरलोड की समस्या को देखते हुए विद्युत वितरण विभाग के अफसरों ने निहारिका क्षेत्र में एक अन्य सब स्टेशन निर्माण का प्रस्ताव वरिष्ठ अफसरों को भेजा था। जहां मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद सुभाष चौक के समीप सीएसईबी कॉलोनी में 33 गुणा 11 केवी का लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से सब स्टेशन का निर्माण काम जोरों पर है, विद्युत विभाग के अधिकारियों की मानें तो 15 दिसंबर तक काम पूरा हो जाएगा। सब स्टेशन में 5एमव्हीए पावर ट्रांसफार्मर सहित कुछ अन्य उपकरण लगना ही शेष है। यह सब स्टेशन तैयार होते ही दिसंबर के अंतिम सप्ताह में इसे चार्ज कर दिया जाएगा। जिसके बाद निहारिका से कोसाबाड़ी, सीएसईबी कॉलोनी, कांशीनगर सहित आसपास के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति होगी और यह सब स्टेशन पूरे इलाके को दोहरी सप्लाई देगा। यदि इस इलाके में अत्याधिक समस्या या पावर कट होती है तो तुरंत निहारिका सब स्टेशन से फीडर को जोड़कर विद्युत आपूर्ति की जाएगी।



फाइल फोटो

### 6 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

विद्युत वितरण विभाग के डीई रौशनलाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएसईबी कॉलोनी में सब स्टेशन का काम अंतिम रुप में आ चुका है। इस सब स्टेशन के चार्ज होने के बाद निहारिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजेंद्र प्रसाद नगर, साडा कॉलोनी, शिवाजी नगर, आरएसएस नगर, एमपी नगर, घंटाघर व सीएसईबी कॉलोनी के लगभग 6 हजार उपभोक्ताओं को इस सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। विद्युत वितरण विभाग के अफसर की माने तो डबल सप्लाई के तौर पर इस सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही गर्मी के दिनों में ओवरलोड होने की स्थिति में इस सबस्टेशन के माध्यम से इस इलाके के कई क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी और आपात की स्थिति में यदि किसी सब स्टेशन में फॉल्ट आता है तो इस सब स्टेशन से बैकअप दिया जा सकेगा और उस इलाकों को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

### दिसंबर की महीने में होगा चार्ज

सुभाष चौक के समीप सीएसईबी कॉलोनी के भीतर 33 गुणा 11 केवी का सब स्टेशन तैयार किया जा रहा है। इस सब स्टेशन का काम लगभग पूरा हो चुका है। सब स्टेशन में 5एमव्हीए का पावर ट्रांसफार्मर लगेगा। दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में चार्ज करने का निर्देश जारी किया गया है। इस सब स्टेशन के चालू होने से निहारिका क्षेत्र के उपभोक्ताओं को डबल सप्लाई का लाभ मिलेगा।

-रोशन लाल वर्मा,
डीई, विद्युत वितरण विभाग कोरबा शहर

# करणी सेना की सभी मांगे सरकार को माननी ही होगी : शेखावत




पत्रकारों से बातचीत करते करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करणी सेना 7 दिसंबर को अपनी सभी मांगें सरकार से मनवा कर रहेंगी। हमारी सभी मांगें पूरी तरह से उचित हैं। संगठन तोमर बंधुओं को बचाने

**खास बात**

- राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की मीडिया से बातचीत

की नहीं बल्कि बहन-बेटियों के आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ रहा है।

उक्त बातें करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत सोमवार को प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि रायपुर में वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर के साथ जो हुआ उस बारे में न्याय पालिका अपना काम करेगी। वे उन्हें बचाने नहीं बल्कि तोमर परिवार की बहन-बेटियों के साथ हुए अत्याचार का जवाब देने आए हैं क्योंकि यह विषय राजपूत क्षत्रिय समाज ही नहीं बल्कि नारी शक्ति के स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। किसी भी कीमत पर इस तरह की हरकतों को सभ्य समाज स्वीकार नहीं करने वाला है, इसलिए 7 दिसंबर को हमने रायपुर में महा न्याय पंचायत का आयोजन किया है। इसमें बड़ी संख्या में सामाजिक जन शामिल होंगे। डॉ. राज शेखावत ने साफतौर पर कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती से अग्रवाल, सिंधी और अन्य समाज के महापुरुषों को लेकर जिन लोगों ने घटिया टिप्पणी की है, उन लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए। इस लड़ाई में वे हमेशा समाज के साथ रहेंगे। कई घटनाएं इससे पहले हो चुकी हैं और अभद्र टिप्पणी करने वालों ने इसका असर देखा है। इस दौरान राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह, धर्मसेना के अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह के अलावा शशि सिंह, सरबजीत सिंह, मुकेश सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान किया शुरु



अभियान का शुभारंभ करते हुए आरएसएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों को बढ़ाने में लगा हुआ है। राष्ट्रीयता की भावना के जागरण पर उसका फोकस है। वर्तमान में जिले में गृह संपर्क अभियान जोर शोर जारी है। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आरएसएस का गृह संपर्क अभियान 15 नवंबर से प्रारंभ किया गया है जो 15 दिसंबर तक चलेगा। नगर से लेकर उपनगर, खंड और मंडल स्तर पर इसे क्रियान्वित किया जाना है। पूरे अभियान के संचालन के साथ अधिकतम घरों तक पहुंच बनाने के लिए हजारों की संख्या में टोलियां बनायी गई है। उन्हें भारतमाता के चित्र के साथ आरएसएस के इन वर्षों के सफर पर संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। राष्ट्र और समाज की भूमिका और व्यक्ति की भागीदारी को लेकर उन्हें अवगत कराया जा रहा है। बताया गया कि अगले महीने से शुरू किये जाने वाले रामनाम लेखन महायज्ञ में लोग जुड़े, इसके लिए उन्हें अक्षत के साथ आमंत्रण भी दिया जा रहा है। बताया गया कि इस अभियान की जानकारी प्राप्त होने पर लोग स्वस्फूर्त अपने आपको संलग्न कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत जिले में 3 लाख लोगों तक राम नाम लेखन की पुस्तकें उपलब्ध करायी जाएगी। इनके माध्यम से प्रत्येक पुस्तक में 12 हजार रामनाम लिखे जाएंगे। अयोध्या के राम मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 3.33 खरब रामनाम युक्त पुस्तकें अयोध्या भिजवाई जाएंगी।

# जटगा रेंज में बाड़ियों में घुसकर हाथियों ने चट की सब्जी की फसल


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में बड़ी संख्या में हाथी पहुंच गए हैं। एतमानगर रेंज के पचरा जंगल से पहुंचे 53 हाथियों के झुंड ने बीती रात जटगा व

**खास बात**

- 53 हाथियों का झुंड कटघोरा वन मंडल में डाला हुआ है डेरा

आसपास के गांवों में जमकर उत्पात मचाया और एक ग्रामीण के बाड़े को उजाड़ते हुए वहां लगे गंवार फल्ली, फूलगोभी, केला, बरबट्टी एवं अन्य सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया। इतना ही नहीं खेतों में पहुंचकर हाथियों के झुंड ने धान की फसलों को भी चौपट कर दिया है। हाथियों का उत्पात रात भर चला। बाड़ी उजाडऩे तथा खेतों में फसल को चौपट करने के बाद हाथियों का दल सुबह होने से पहले जंगल की ओर रूख किया और कक्ष क्रमांक ओएच 176 में डेरा डाल दिया है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इससे पहले हाथियों का झुंड एतमानगर रेंज के पचरा क्षेत्र में विचरण कर रहा था। हाथियों ने दो दिन पूर्व वहां से झुंड बनाकर आगे बढऩा शुरू किया और जटगा रेंज में एक स्थान पर पहुंचने के साथ एकजुट हो गए। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने के बाद विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। जटगा एवं आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है।



बाड़ी में लगे फसल को चट करते हाथी।

### 12 हाथियों का झुंड जा पहुंचा है साजापानी

करतला वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड में से 12 हाथी पिछले तीन दिनों से लबेद व साजापानी के जंगल मे विचरण कर रहे हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र में भय का माहौल है। वन विभाग द्वारा टीम बनाकर लगातार हाथियों की निगरानी में जुटा हुआ है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा लगातार आसपास के गाँव मे लाउडस्पीकर लगाकर सतर्क व सुरक्षित रहने मुनादी करवाई जा रही है। वनमण्डलाधिकारी कोरबा द्वारा हाथियों के निगरानी करने के लिए कर्मचारियों को ड्रोन उपलब्ध कराया गया है जिससे हाथियों की वास्तविक लोकेशन की जानकारी सतत रूप से मिलते रहे। हाथियों की लोकेशन पता करके वन विभाग ग्रामीणों को सतर्क कर रहे हैं वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारी भी सजगता बनाये हुए हैं ताकि हाथियों द्वारा बिजली तार व खम्बों से दुर्घटना घटित ना हो। साजापानी क्षेत्र के लोग रात में अलाव जलाकर रतजगा कर रहे हैं।

*__कोरबा।__ किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए किसान पंजीयन एवं फसल-रकबा सुधार की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। जिन किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है वे 25 नवंबर तक किसान पोर्टल के माध्यम से आवश्यक सुधार कर सकते हैं।

# नेशनल स्तर पर क्रिकेट में चयनित होकर सिद्धार्थ ने बढ़ाया मान



सिद्धार्थ दुबे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा के भाजपा नेता मनोज दुबे के सुपुत्र प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर सिद्धार्थ दुबे ने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर बेहतर प्रदर्शन के दम पर नेशनल स्तर पर चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है यह उपलब्धि न केवल सिद्धार्थ के व्यक्तिगत संघर्ष और प्रतिबद्धता का प्रमाण है बल्कि उनके कोच विशाल दुबे के शुरुआती दौर से मिले सुनियोजित मार्गदर्शन और प्रोफ़ेशनल ट्रेनिंग का भी परिणाम है।

सिद्धार्थ ने हाल ही में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बल्लेबाज़ी और फिटनेस के मजबूत प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को खासा प्रभावित किया। ट्रायल प्रक्रिया में कई राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जहाँ सिद्धार्थ ने अपने कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास से सबका ध्यान आकर्षित किया। कोच विशाल दुबे ने सिद्धार्थ की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता लंबे समय से जारी कठोर अभ्यास, खेल के प्रति समर्पण और सही दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम है सिद्धार्थ जिले के एक छोटे से गांव सिंघिया स्कूल के विश्व एकेडमी में कोचिंग ले रहे थे। मैदान में सिद्धार्थ ने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए लगातार कड़ी मेहनत की उनका यह चयन आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। सिद्धार्थ का चयन कटघोरा और आसपास के क्षेत्रों के क्रिकेट प्रेमियों के लिए गर्व का विषय है स्थानीय खेल समुदाय, खेल प्रशिक्षकों और नागरिकों में सिद्धार्थ की सफलता पर खुशी की लहर है क्षेत्र के कई वरिष्ठ खेल प्रेमियों ने भी सिद्धार्थ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ छोटे शहरों की प्रतिभाओं को बड़े मंच तक पहुँचने का हौसला देती है।

# विद्युत पावर क्रिकेट लीग के रोमांचक मुकाबले कोरबा ईस्ट का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत पावर क्रिकेट लीग के 12वें एवं 13वें मैचों में डीएसपीएम कोरबा ईस्ट की टीम ने एक ही दिन में दो मुकाबले खेले। दिन के पहले हाफ के मैच में कोरबा ईस्ट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लिया और एबीवीटीपीएस मड़वा ने निर्धारित 20 ओवर में 157/7 रन बनाए, जिसमें दिनेश मेश्राम ने 38 रन और राजेश यादव ने 37 रन जोड़े। नाइजील रोड्रिग्स, सीएस जायसवाल और सरोज राठौर ने किफायती गेंदबाजी कर दबाव बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोरबा ईस्ट 20 ओवर में 137/7 रन ही बना सकी। संदीप बघेल ने 31 रन का योगदान दिया, वहीं संजय देशमुख ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। मड़वा की टीम ने यह मैच 20 रनों से जीतकर बढ़त हासिल की। संजय देशमुख मैन ऑफ द मैच रहे। दिन के दूसरे हाफ के मुकाबले में कोरबा ईस्ट का सामना रायपुर रीजन से हुआ। रायपुर रीजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया, परंतु शुरुआती विकेट गिरने और नाइजील रोड्रिग्स, शैलेन्द्र पैकरा, गजेन्द्र पवार और सरोज राठौड़ की कसी हुई गेंदबाज़ी के चलते टीम 20 ओवर में 126/9 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरबा ईस्ट ने अच्छी शुरुआत की, जहाँ सलामी बल्लेबाज़ शैलेश चौधरी और संदीप बघेल ने मजबूत साझेदारी की। इसके बाद सुधेश्वर देवांगन की तेज पारी ने टीम को 14.3 ओवर में 128/3 तक पहुँचाया। कोरबा ईस्ट ने यह मैच 7 विकेट से जीतकर दिन का अंत जीत के साथ किया। इस मैच में नाइजील रोड्रिग्स को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दोनों मैचों में उत्कृष्ट संचालन सुनिश्चित करने के लिए राहुल यादव, समीर यादव, नमन निराला और प्रतीक भारती ने अंपायरिंग की जिम्मेदारी निभाई। स्कोरिंग एवं कमेंट्री सागर देवांगन, संतोष सिंह, मनोज यादव और घनश्याम साहू द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में गोवर्धन सिदार, पी.आर. वार्ते, सुरेश क्रिस्टोफर, महेश ठाकुर और अखिलेश सिंह चंदेल की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की।




विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### न्यायालय नायब तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मातादीन पिता गजाधर जाति सतनामी साकिन छिन्दपुर तहसील दीपका जिला कोरबा के द्वारा ग्राम छिन्दपुर तहसील दीपका में स्थित भूमि ख.नं. 2/4, 78/4, 122/1ग रकबा क्रमशः 0.04, 0.13, 0.05 ए. भूमि है। उक्त भूमि अनावेदक विक्रेता गोकुल प्रसाद पिता संतराम से आवेदक द्वारा क्रय कर नामांतरण क्रमांक 03 दिनांक 20/07/2004 को किया गया हैं। उक्त आवेदित भूमि में से ख. नं. 2/4, 122/1ग रकबा क्रमशः 0.04, 0.05 ए. आनलाईन राजस्व रिकार्ड में त्रुटीवश छुट गया है आवेदक द्वारा उक्त भूमि आनलाईन राजस्व रिकार्ड त्रुटीसुधार कर अपने नाम पर ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 28/11/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दीपका, कोरबा (छ.ग.)

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## पृष्ठ 1 का शेष

### एसईसीएल की वर्ष ...

पर्यावरण अनुकूल मशीनों का उपयोग करेगी जो आवश्यक मापदंडों को पूरा करती है। इस प्रकार ताप विद्युत संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति कोयला हैंडलिंग संयंत्रों और एफएमसी परियोजनाओं के माध्यम से की जा रही है। जिसके परिणाम स्वरुप ट्रकों का उपयोग और डीजल की खपत बहुत कम हो रही है। पर्यावरण को बहाल करने तथा खदानों के बंद होने के उपरांत सभी मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने खनन के बाद व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

### एक ही मार्ग में...

4600 के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चालक केबिन में फंस गया था। घटना की सूचना मिलने पर सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभाव तिवारी मौके पर पहुंचे और फंसे वाहन को निकालने के लिए जेसीबी की मदद ली गई जहां किसी तरह जेसीबी के माध्यम से वाहन को निकलाने की कवायद की जा रही थी कि निकालने के दौरान डीजल का टैंकर पलट गया किसी तरह वाहन में फंसे दोनों चालकों को बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा गया।

### पिता के हत्या...

मिली की हत्या के मामले में फरार चल रहे हैं वारंटी शंकर लाल खांडे हैदराबाद से आकर खदान क्षेत्र में घूम रहा है सूचना पाते ही दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने दलबल सहित खदान क्षेत्र में दबिश दी और हत्या के मामले में फरार चल रहे शंकर लाल खांडे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


Happy Birthday
छत्तीसगढ़ के
यशस्वी उप मुख्यमंत्री
मान. अरूण साव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
मान. श्री अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
हितानंद अग्रवाल